06 सड़क पर जगह-जगह हो गए गड्ढे नहीं कराया...


07 4 जनवरी से गांधी मैदान पर देखने को मिलेगा हॉकी...





### दोनो आरोपी बुदनी के जंगलों में छिपे हुए थे, पुलिस ने घेराबंदी कर पकड़ा

# सामूहिक दुष्कर्म के अन्य दो आरोपी पुलिस गिरफ्त में, घर पर चला बुलडोजर

**ट्राइडेंट कंपनी की युवती साथ हुए दुष्कर्म के फरार दो अन्य आरोपी शुक्रवार रात्रि में पुलिस की गिरफ्त में आए। पुलिस अधीक्षक के मजबूत सूचना तंत्र के परिणाम स्वरूप शेष दो आरोपी भी पकड़ाए।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



नर्मदापुल से बीटीआई मार्ग की झाड़ियों में प्रेमी युगल को साथ में देख, उनको ब्लैकमेल कर सामूहिक दुष्कर्म करने वाले दो नाबालिक आरोपियों की धरपकड़ और उनके घरों पर बुलडोजर से कार्रवाई कर अवैध निर्माण को हटाने के बाद शनिवार को अन्य दो आरोपी भी पुलिस गिरफ्त में आ गए। आरोपियों के घरों पर बुलडोजर से कार्रवाई कर अतिक्रमण को धरासायी किया गया। पकड़ाए गए आरोपियों में एक आरोपी खोजनपुर और दूसरा आरोपी तालपुरा बुदनी निवासी है। सुबह खोजनपुर डोंगरवाड़ा निवासी आरोपी के घर को गिराया गया, जो अतिक्रमित एरिया में था। प्राप्त जानकारी के अनुसार दोनो आरोपी बुधनी के जंगलों में छिपे हुए थे। जिन्हे मुखबिर की सूचना पर घेराबंदी कर पकड़ा गया। पुलिस गिरफ्त में आए दोनो आरोपियों का शनिवार दोपहर जिला अस्पताल में मेडिकल कराया गया है। इससे पहले अन्य दोनो नाबालिकों का भी मेडिकल कराया जा चुका है। बुलडोजर कार्रवाई जिला एवं पुलिस प्रशासन ने मिलकर की। डोंगरवाड़ा स्थित अवैध अतिक्रमण पर प्रशासन का बुलडोजर चला। कार्रवाई के दौरान एसडीओपी पराग सैनी, देहात थाना प्रभारी प्रवीण चौहान, सब इंस्पेक्टर मोनिका सिंह, अजमेश चंद्रोल एवं नगर पालिका का अमला घटनास्थल पर मौजूद रहा।

#### झाड़ियों में साथ बैठे, देखा और दुष्कर्म किया

एसडीओपी सैनी ने मीडिया को बताया युवती ट्राइडेंट कंपनी में नौकरी करती है। रात्रि लगभग 12 बजे वे अपने मित्र के साथ हाइवे से बीटीआई को जोड़ने वाले मार्ग से शहर की ओर आ रही थी। इस दौरान दोनो ने झाड़ियों में बैठे थे। तभी चारों आरोपी वहां पहुंच गए। चारों आरोपियों ने प्रेमी युगल के साथ मारपीट की ओर ब्लैकमेल कर युवती को झाड़ियों में ले जाकर एक के बाद एक दुष्कर्म कर वारदात को अंजाम दिया। दुष्कर्म के बाद आरोपी वहां से फरार हो गए। युवती किसी तरह दरिंदों के चंगुल से अपने आप को बचाकर घर पहुंची और परिजनों को वारदात होने की जानकारी दी। परिजनों के साथ कोतवाली पहुंचकर आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कराया।

#### एसपी को मिली सूचना और जंगल में घेराबंदी कर पकड़ा

मामले की को लेकर एसपी गुरकरन सिंह लगातार अधिकारियों और मुखबिर तंत्र से अपडेट ले रहे थे। इस दौरान उन्हें मुखबिर तंत्र से सूचना मिली कि आरोपी बुदनी के जंगलों में छिपे हुए हैं। एसपी ने तुरंत टीम को आरोपियों की लोकेशन पर भेजा। पुलिसकर्मियों ने जंगल में छिपे आरोपियों को घेराबंदी कर वहीं दबोच लिया और कोतवाली ले आए। जहां पूछताछ में आरोपियों ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। विदित रहे इससे पहले एसपी गुरकरन सिंह ने मामले की गंभीरता को देखते हुए टीमें तैयार कर युवती के बताए हुलिए के हिसाब से आरोपियों की धरपकड़ के लिए सर्चिंग अभियान शुरू किया गया था। पूरे मामले में एसपी की सूझबूझ काम आई थी और दो आरोपियों को 24 घंटे के अंदर पकड़ने में पुलिस को कामयाबी मिली थी। युवती ने उनके होने की तस्दीक की। देर रात 2 बजे के लगभग पुलिस ने आरोपियों के घर दबिश दी। छापामार कार्रवाई के दौरान आरोपी भौचक्के हो गए। दो पुलिस के हत्थे चढ़ गए, बाकी दो पुलिस के हांथ नही लगे थे। जिन्हें शुक्रवार शाम पकड़ा गया है। चारों आरोपियों पुलिस पूछताछ में अपना गुनाह कबूल किया है।

#### लूट और चोरी के भी आरोपी हैं चारों



सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार पकड़ाए आरोपी और फरार आरोपी छोटी मोटी लूट और मोबाइल चोरी की वारदात को भी अंजाम देते थे। सुनसान इलाकों मैं इनके द्वारा लूट की वारदात को अंजाम दिया जाता था। सूत्रों के मुताबिक वे लूट और चोरी के पैसों का इस्तेमाल केवल सेक्स वर्कर और भोग विलास में लुटाते है। बहरहार पुलिस मामले के जांच कर रही है। आगे और खुलासा होने के आसार है।

## पचमढ़ी नवरंग में पर्यटकों को लुभा रही पर्यटन संबंधी गतिविधियां

**पचमढ़ी रन, धूपगढ़ पर योग, जुंबा, नेचर वॉक, रॉकआर्ट पेंटिंग वॉक में शामिल हुए पर्यटक**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पचमढ़ी



सतपुड़ा की रानी पचमढ़ी में शुक्रवार रात्रि पचमढ़ी नवरंग कार्यक्रम का शानदार आगाज हुआ। दूसरे दिन शनिवार सुबह से ही पर्यटन गतिविधियों के आयोजन का क्रम शुरू हुआ। पचमढ़ी रन, धूपगढ़ पर योग, जुंबा, नेचरवॉक, रॉकआर्ट पेंटिंग वॉक में सैलानियों ने जमकर हिस्सा लिया। सुबह 6 बजे हाई स्कूल ग्राउंड पचमढ़ी में पचमढ़ी रन का आयोजन किया गया जो हाईस्कूल ग्राउंड पचमढ़ी से बस स्टैंड पचमढ़ी , ओल्ड होटल तिराहा, रीछगढ़ रोड, धूपगढ़ चौराहा, रेशम केंद्र म्यूजियम, जयस्तंम से होते हुए हाट बाजार पचमढ़ी में समापन किया गया। पचमढ़ी रंग के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत भी किया गया। इसी प्रकार सुबह 6 बजे से 9 बजे तक सूर्य नमस्कार पार्क पचमढ़ी में जुंबा का आयोजन किया गया। जिसमें बॉलीवुड गानों की धुन पर पर्यटक जमकर थिरके। सुबह 7 से 10 बजे तक चंपल लेख से फुटहिल रोड पचमढ़ी तक नेचर वॉक का आयोजन किया गया। जिसमें पर्यटकों ने पचमढ़ी की वादियों को निहारा। नेचर वॉक इसी समय पर 1 जनवरी तक निरंतर आयोजित की जाएगी। धूपगढ़ पर सुबह 6 बजे योग का भी आयोजन किया गया। जिसमें पर्यटकों ने सूर्योदय के साथ योग किया। धूपगढ़ पर योग 1 जनवरी तक सुबह 6 बजे आयोजित किया जाएगा। 30 दिसंबर को रॉकआर्ट पेंटिग वॉक, बर्ड वाचिंग, ट्रैकिंग, हॉट बाजार पचमढ़ी में आर्मी बैंड की प्रस्तुति आदि गतिविधियों का भी आयोजन किया जा रहा है।



## आर्मी बैंड की देशभक्ति पूर्ण प्रस्तुति ने मन मोहा

देश के प्रसिद्ध पर्यटक स्थल पचमढ़ी स्थित हाट बाजार में नवरंग समारोह के दूसरे दिन संध्या पर आर्मी बैंड द्वारा आकर्षक प्रस्तुति दी। आर्मी बैंड की रंगारंग देशभक्ति पूर्ण आकर्षक प्रस्तुति ने कार्यक्रम स्थल पर मौजूद पर्यटकों,अतिथियों व श्रोताओं का मनमोह लिया।




#### आर्मी बैंड की प्रस्तुति ने समां बांधा

आर्मी बैंड की प्रस्तुति ने समां बांधा। यह प्रस्तुति कमांडेंट सेना शिक्षा कोर के बिग्रेडियर श्री अमित चटर्जी के मार्गदर्शन में हुई। इस प्रस्तुति में सेना के प्रमुख वाद्य यंत्रों में जायलोफोन,सक्सोफोन, बांसुरी आदि ने समां बांध दिया। आर्मी बैंड का नेतृत्व मेजर डी प्रभाकरण ,सूबेदार मेजर बालम सिंह रावत ने किया। संचालन हवलदार अमित कुमार ने किया। आर्मी बैंड द्वारा कदम कदम बढ़ाए जा, सारे जहां से अच्छा, तेरी मिट्टी , वंदे भारत समेत 11 गीतों पर प्रस्तुतियां दी गई। इस अवसर पर साडा अध्यक्ष कमल धूत, जिला पंचायत सीईओ एसएस रावत,पिपरिया एसडीएम संतोष तिवारी, पचमढी साडा सीईओ रवि प्रकाश नायक, मध्यप्रदेश टुरिज्म क्षेत्रीय प्रबंधक हृदयनाथ डंडोतिया सहित बढ़ी संख्या में पर्यटक उपस्थित रहें । हाट बाजार में हो रहे आर्मी बेंड की हर एक प्रस्तुति पर पर्यटकों ने खूब सराहा और जमकर तालियां बजाई।

## नर्मदापुर मंडल की आगामी लोकसभा चुनाव को लेकर कामकाजी बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



भारतीय जनता पार्टी नर्मदापुरम के नर्मदापुर मंडल की आभार एवं कामकाजी बैठक भाजपा जिला कार्यालय में संपन्न हुई बैठक में मंडल प्रभारी राजेश तिवारी, ने बताया विकसित भारत संकल्प यात्रा जो कि नर्मदापुरम मंडल में आने वाली है यात्रा को लेकर नर्मदापुर मंडल के पदाधिकारी मोर्चा प्रकोष्ठ के पदाधिकारियों को यात्रा की जानकारी दी।

मंडल के महामंत्री प्रशांत पालीवाल ने बैठक में आगामी करणी कार्यो के बारे में मंडल के पदाधिकारियों को अवगत कराया प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना, अयोध्या में श्रीराम मंदिर के उद्घाटन के शुभ अवसर पर घर घर 11 दीप जलाने हेतु जागरूकता अभियान चलाना जैसी जानकारी दी नमो एप के विषय में सोशल मीडिया जिला संयोजक गजेन्द्र चौहान ने जानकारी देते हुए बताया लोकसभा हेतु जनमत सर्वेक्षण नमो वारियर्स विकसित भारत एम्बेंसिटर 100 डे चेलेंज एवं माइक्रो डोनेशन के विषय में विस्तृत जानकारी दी। मन की बात कार्यक्रम के प्रभारी प्रशांत दीक्षित ने बताया आज होने वाली मन की बात कार्यक्रम को प्रत्येक बूथ पर सुनकर संगठन एप पर पोष्ट करें। आभार प्रस्ताव घनेन्द्र राने ने पढ़कर सुनाया, जिसका समर्थन कविता राजपूत एवं अनिल अहिरवार ने किया युवा मोर्चा महामंत्री दुर्गेश मिश्रा ने बताया। इस दौरान बैठक में रजनी यादव महिला मोर्चा मंडल अध्यक्ष चंचल राजपूत, सोशल मीडिया जिला सहसंयोजक राहुल ठाकुर, विधानसभा प्रभारी सोशल मीडिया प्रभारी राहुल बनेर्जी प्रवेश सोनी, पंकज खत्री, महेश सेन, अमित यदुवंशी, राकेश श्रीवास, वंदना मेहतो उपस्थित रहें बैठक का आभार अनिल मिश्रा ने किया है।

## कलेक्टर ने किया तहसील कार्यालय डोलरिया का औचक निरीक्षण

**लंबित राजस्व प्रकरणों का एक सप्ताह में निराकरण करने के दिए निर्देश**

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम

कलेक्टर नीरज कुमार सिंह ने शनिवार को तहसील कार्यालय डोलरिया का औचक निरीक्षण किया। उन्होंने यहां तहसीलदार न्यायालय में राजस्व प्रकरणों के निराकरण की स्थिति देखी। उन्होंने 6 माह से अधिक के नामांतरण और बटवारा के प्रकरणों का एक सप्ताह में निराकरण करने के सख्त निर्देश दिए। उन्होंने तहसीलदार डोलरिया को निर्देशित किया कि सीमांकन के लंबित प्रकरणों और नवीन दर्ज प्रकरणों का समय पर निराकरण कराएं।

निर्धारीत दिवसों में रेवेन्यू कोर्ट का अनिवार्य रूप से संचालन किया जाए बिना अधिकृत अनुमति के कोर्ट का दिन रिक्त न हो,यह सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि एवं मुख्यमंत्री किसान कल्याण योजना के हितग्राहियों के आधार बैंक खाता लिंक करने के लिए कैंप आयोजित करने के निर्देश दिए। इस दौरान कलेक्टर कार्यकाल में विभिन्न शाखाओं का अवलोकन किया। उन्होंने कार्यालय स्थित उद्यान के सौंदर्यीकरण करने के भी निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान तहसीलदार डोलरिया अनिल पटेल सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहें।

#### सीवरेज पाइप लाइन बिछाने वाली कंपनी को नोटिस

**नर्मदापुरम।** कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार सिटी मजिस्ट्रेट सम्पदा सराफ द्वारा सीवरेज पाइप लाइन बिछाने वाली कंपनी मेसर्स भुगन इंफ्राकोन प्राइवेट लिमिटेड को नगर में अव्यवस्थित पाइप लाइन बिछाने के कारण लोगो को हो रही असुविधा एवं जनहित प्रभावित होने के कारण कंपनी को सीआरपीसी की धारा 133 (1) के अंतर्गत आदेशित किया गया है कि लोगों को हो रही असुविधा को ध्यान में रखते हुए एक सप्ताह के भीतर पब्लिक न्यूसेंस हटाया जाना सुनिश्चित करें।

## होम सांइस कॉलेज क्विज प्रतियोगिता आयोजित

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम




शा स की य गृहविज्ञान अग्रणी महाविद्यालय में शनिवार को स्टैंडर्ड क्लब द्वारा सदस्य छात्राओं के लिए क्विज प्रतियोगिता का आयोजन भारतीय मानक ब्यूरो के सहयोग से सम्पन्न किया गया। इस कार्यक्रम का मार्गदर्शन महाविद्यालय के चहुंमुखी विकास में सतत संलग्न प्राचार्य डॉ कामिनी जैन के सौजन्य से रसायन शास्त्र विभाग को प्राप्त हुआ। इसके सफलतापूर्वक आयोजन हेतु समिति सदस्यों और छात्राओं को प्राचार्य ने शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश के सभी युवाओं को भारतीय मानकों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से जानकर समाज में जिम्मेदार नागरिक के रुप में जागरूकता फैलाना चाहिए। कार्यक्रम की संयोजक डॉ वैशाली लाल ने कहा कि आज के समय में जब व्यक्ति मेहनत का पैसा खर्च करने के बाद भी सही सामान नहीं पाता तो वह स्वयं को ठगा हुआ महसूस करता है। ऐसे में युवा शक्ति को मानकों के प्रति जागरुकता का प्रसार अवश्य करना चाहिए।

## फंडस कैमरे से आंखों के पर्दे की जांच शुरू हुई

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम



कलेक्टर नीरज कुमार सिंह के निर्देशानुसार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी, सिविल सर्जन नर्मदापुरम के विशेष प्रयासों से जिला चिकित्सालय के गहन नवजात शिशु इकाई एसएनसीयू में नवजात शिशु सप्ताह के अन्तर्गत प्री-मेच्युअर समय से पूर्व जन्मे नवजात शिशु के आंखों की जांच विश्व स्तरीय फंडस कैमरे से रेटीना आंखों के पर्दे की जांच प्रारंभ हो गई है। इस अत्याधुनिक फंडस कैमरे से आंखों की जांच कर आंखों के पर्दे की फोटो गूगल आनलाइन विशेषज्ञ के पास भेजी जाएगी और नवजात शिशुओं को समयपूर्व अंधत्व से बचाएगी। जिला चिकित्सालय नर्मदापुरम में पदस्थ नेत्र सहायक अनिता वाघमारे ने सदगुरु नेत्र चिकित्सालय चित्रकूट से शासन द्वारा इसका विशेष प्रशिक्षण प्राप्त किया है। शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ भास्कर गुप्ता, बालरोग चिकित्सक डॉ रितुराज, नेत्र विशेषज्ञ डॉ डीसी किंगर के मार्गदर्शन और विलास नीले उप जिला कार्यक्रम प्रबंधक प्रतिभा और मीना नर्सींग आफिसर, प्रदीप कम्प्यूटर आपरेटर के सहयोग से शुक्रवार से पहली नवजात कन्या शिशु बेबी आफ अर्चना सुनिल का सफलता पूर्वक फंडसस्कोपी प्रारंभ हो गया है।

### एनईएस और पं.रामलाल शर्मा कॉलेज के विद्यार्थियों द्वारा नव-प्रवर्तन कार्यक्रम का आयोजन

# दिया अनेकता में एकता व सामाजिक समरसता का संदेश

हरिभूमि न्यूज ⏭ नर्मदापुरम





एनईएस महाविद्यालय तथा पं.रामलाल शर्मा शिक्षा महाविद्यालय के संयुक्त तत्वावधान मे विद्यार्थियों के उद्यमिता एवं हस्तशिल्प को प्रोत्साहन प्रदान करने के उद्देश्य से महाविद्यालय में नव-प्रवर्तन शीर्षक से एक प्रदर्शनी एवं मेले का आयोजन किया गया। जिसमें दोनों महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा भारतीय संस्कृति एवं खान-पान और वेषभूषा को ध्यान में रखकर विभिन्न खाद्य स्टॉल एवं तैयार उत्पादों का विक्रय किया गया। इस नव प्रवर्तन में 28 स्टॉल लगाए गए। इन सभी स्टॉलों को लगाने वाले विद्यार्थियों की विशेषता थी कि उनके द्वारा जिस प्रदेश का स्टॉल लगाया गया उस प्रदेश की संस्कृति, पहनावा और खानपान को ध्यान में रखते हुए प्रदर्शित किया गया। इस तरह के आयोजन से महाविद्यालय भारतीय संस्कृति में अनेकता में एकता का संदेश देने की कोशिश की गई है। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक डॉ. सीतासरन शर्मा ने विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए किए जाने वाले इस प्रकार के आयोजन की सराहना की। कार्यक्रम में पधारे हुए नर्मदा शिक्षा समिति के अध्यक्ष अध्यक्ष पं. भवानी शंकर शर्मा ने अपने उद्बोधन में ऐसे आयोजनों को सामाजिक समरसता का प्रतीक बताया। कार्यक्रम के प्रारंभ में महाविद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी गई। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ ज्योत्सना खरे एवं पं. रामलाल शर्मा शिक्षा महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ प्रिंस जैन द्वारा अतिथियों का स्वागत किया गया। कार्यक्रम के अंत में बीपीएड के विद्यार्थियों द्वारा योग की प्रस्तुति दी गई तथा महाविद्यालय के उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन करने वाले खिलाड़ियों को अतिथियों द्वारा पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम में नर्मदा शिक्षा समिति के प्रबंधक अरुण शर्मा, पूर्व विधायक गिरिजा शंकर शर्मा, जपं अध्यक्ष भूपेंद्र चौकसे, राष्ट्रीय तैराकी संघ के उपाध्यक्ष पीयूष शर्मा, संतोष व्यास, केके अग्रवाल, पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष महेश पालीवाल एवं एनईएस शिक्षा महाविद्यालय तथा पं.रामलाल शर्मा शिक्षा महाविद्यालय का समस्त स्टाफ, विद्यार्थी तथा विभिन्न गणमान्य नागरिकों सहित छात्र-छात्राओं के अभिभावक भी बड़ी संख्या में उपस्थित हुए।

## खबर संक्षेप

### सेवानिवृत्ति के अवसर पर दी गई विदाई

**शाहपुर**। प्राथमिक शाला कुसमरी विकास संकुल कुंडी बृजलाल ईरपाचे की 62 वर्ष की आयु पूर्ण होने पर सेवानिवृत्ति के अवसर पर पूरे संकुल स्टाफ की तरफ से उन्हें खुशी-खुशी सेवानिवृत्ति की बधाई दी गई। एवं एक विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस विदाई समारोह में बृजलाल इरपाचे सर का परिवार उपस्थित हुआ एवं संकुल के सभी शिक्षक इस कार्यक्रम में हर्ष के साथ उपस्थित हुए । और सभी ने उनके आगामी आने वाले खुशहाली पूर्ण जीवन के लिए शुभकामनाएं दी। संकुल प्राचार्य जीआर बर्डे के द्वारा उनके कार्यकाल एवं उनकी कार्यशैली के बारे में बताया गया ।एवं उनके विनम्र स्वभाव कार्य करने की अच्छी शैली की प्रशंसा की गई। सभी के द्वारा उनका शाल श्रीफल मालाओं से स्वागत किया गया। इसी शुभ अवसर पर पूर्व सेवानिवृत्ति रामकृष्ण पवार सहायक शिक्षक एवं मानकलाल उइके भौरा सहायक शिक्षक भी उपस्थित हुए। बीआरसी कार्यालय से भी बीएससी आशा कावरे, बीएससी ,सुनील जोठे बी ए सी, जन शिक्षक कुंडी दीपना जगताप, जन शिक्षक कृष्णा कासदे उनके इस विदाई समारोह कार्यक्रम में उपस्थित हुए । इस विदाई समारोह कार्यक्रम के में बृजलाल इरपाचे शाला कुसमरी के द्वारा बच्चों के प्रति अपने प्रेम को दिखाते हुए शाला में दर्ज 51 बच्चों के लिए ऊनी स्वेटर लाई गई एवं सभी बच्चों को वितरित की गई। इसके पश्चात बाजे गाजे के साथ उनको खुशी-खुशी विदाई दी गई। सभी शिक्षक एवं इरपाचे परिवार ने नाचते गाते हुए बृजलाल इरपाचे सर को गाड़ी में बिठाकर घर के लिए बिदा किया। इस समय शाला कुसमरी के शिक्षक तुलसीराम उइके में पूरे कार्यभार को विधिवत सुंदर रूप दिया।

### बच्चों ने लगाए विभिन्न व्यंजनों के स्टॉल

**शाहपुर**। शाहपुर नगर के गुड शेफर्ड पब्लिक स्कूल शाहपुर में बच्चों के द्वारा विभिन्न प्रकार के व्यंजनों के स्टाल लगाए गए । एवं बच्चों के पालकों को भी इसमें आमंत्रित किया गया । और उन्होंने बच्चों के द्वारा बनाए गए विभिन्न प्रकार के व्यंजनों का आनंद उठाया और उनकी खूब सराहना की। गुड शेफर्ड स्कूल के प्राचार्य एलेक्स वानी के द्वारा बताया गया बच्चों के उद्यमिता विकास के लिए इस फन फेयर कार्यक्रम का आयोजन जरूरी होता है। जिससे बच्चे उद्यमिता के क्षेत्र को भी समझ सकें और अपना मानसिक विकास कर सकें। बच्चों के द्वारा व्यंजनों के स्टाल लगाए जाने की बात प्राचार्य से की गई थी। और बच्चों के अनुरोध पर प्राचार्य एलेक्स वानी के द्वारा इस कार्यक्रम की अनुमति दी गई। एवं इस सफल फंन फेयर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। बच्चों ने खूब खुशी-खुशी इस आयोजन का लाभ उठाया।

### 533 लाख से बनी प्रधानमंत्री सड़क की उखड़ी ऊपरी परत

# सड़क पर जगह-जगह हो गए गड्ढे नहीं कराया जा रहा सुधार कार्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ आमला

सडक़ों की गुणवत्ता को लेकर अक्सर उठने वाले सवाल के बावजूद भी निर्माण में कोई सुधार नहीं आ रहा है। यहीं वजह है कि सडक़े निर्माण के चंद दिनों और महीनों में दम तोड़ देती है और लोगों को फिर गड्ढों से भरा सफर करना पड़ता है। यहीं हाल बोरी से सारणी मार्ग का भी है। एक-डेढ़ साल पहले 533.08 लाख से 9.90 किमी सडक़ बनी है। लेकिन सडक़ पर गड्ढे हो गये। जगह-जगह से डामर-सीमेंट उखड गया है। इससे स्पष्ट है कि ठेकेदार ने सडक़ निर्माण में किस तरह धांधली बरती है। स्थिति यह है कि सडक़ पर जगह-जगह गड्ढे होने से वाहन चालकों को आवागमन में परेशानी हो रही है। ग्रामीणों ने विभागीय अधिकारियों से सडक़ की गुणवत्ता को लेकर कई बार शिकायतें भी की थी, किन्तु अधिकारियों ने ध्यान नहीं दिया। अब सडक़ उखडऩे से ग्रामीणों में आक्रोश पनप रहा है। ग्रामीण राजकुमार,सुनील, मुकेश, रवि नरवरे का कहना है कि लंबे अरसे के बाद सडक़ बनी थी, लेकिन घटिया निर्माण के कारण सडक़ उखड़ गई। जिसकी जांच और कार्रवाही होना चाहिए। सडक़ निर्माण में ठेकेदार ने जमकर गुणवत्ताविहिन कार्य किया। जिसके कारण सडक़ से डामर की परत उखड़ गई। डामर उखडऩे से सडक़ पर जगह-जगह गडढ़े बन गये है। ग्रामीणों का कहना है कि सडक पर जगह-जगह गड्ढे बन गये है। सडक से गिट्टी निकल रही है। सडक से रोज हजारों लोगों का आना जाना रहता है। सडक खराब होने के कारण लोग दुर्घटनाओं के शिकार भी हो रहे है। बावजूद सडक की मरम्मत को लेकर अब तक कोई कार्य नहीं हुआ है। जिससे ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि अधिकारियों के ध्यान नहीं दिये जाने से लोगों को मजबूरी में खराब सडक पर जान जोखिम में डाल कर आना-जाना पड़ रहा है।





**इनका कहना है**

बोरी से सारणी मार्ग पर जगह जगह गड्ढे हो गए हैं कई बार शिकायत की गई लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। इस बात की शिकायत मुख्यमंत्री से की जायगी।

**हरि यादव,** उपाध्यक्ष जिला भाजपा किसान मोर्चा बैतूल।

बोरी मार्ग की शिकायत मिली है। मैं स्वंय जाकर जांच करूंगा, जल्द ही सुधार कार्य करवाया जाएगा।

**राजेश जैन जिला,** प्रबंधक प्रधानमंत्री सड़क योजना बैतूल।

#### कई गांवों के ग्रामीण करते हैं आना-जाना

*बोरी सडक़ पर कई गांवों के ग्रामीणों का आना-जाना है। ऐसे में सडक़ पर गडढ़ों के कारण उन्हें परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। अन्य विकल्प नहीं होने से ग्रामीण खराब सडक़ पर चलने को विवश हैं। लेकिन जिम्मेदारों को ग्रामीणों की परेशानियां नजर नहीं आती, जबकि इसी सडक पर प्रतिदिन हादसे हो रहे है। ग्रामीणों का कहना है कि बारिश के सीजन में तो हालात और भी अधिक खराब हो जाते हैं। सडक पर मौजूद गड्ढों में बारिश का पानी भर जाने से वाहन चालकों को गड्ढे का पता नहीं चलता है। जिससे वे वाहन सहित गिरकर घायल हो जाते हैं।*

#### पांच साल की गारंटी, फिर भी नहीं सुधार रहे सड़क

*प्रधानमंत्री ग्राम सडक के निर्माण की पांच साल गारंटी होती है। गारंटी अवधि में ठेकेदार से राशि जमा कराई जाती है। यदि कोई ठेकेदार पांच साल सडक का मेंटनेंस नहीं करता है तो राशि जब्त होती है। लेकिन एक-डेढ साल पहले बनी बोरी से आमला सडक जगह-जगह खराब हो गई। सडक की ऊपर सोल्डर उखड गई है। सडक पर गड्ढे हो गये। इसकी शिकायते भी हुई, लेकिन सडक का मरम्मत कार्य नहीं हुआ। ग्रामीणों का आरोप है कि गांव की आम जनता शिकायत करती है तो, शिकायतों का निपटारा बिना कार्रवाई किए स्थानीय स्तर पर ही कर दिया जाता है। जिसका फायदा ठेकेदार उठाते है और जमकर भ्रष्टाचार को बढ़ावा देते है। इसी वजह से सडक निर्माण में गुणवत्ता नहीं सुधर रही है।*

### परिजनों ने अस्पताल में कराया भर्ती

## पति-पत्नी ने किया जहरीले पदार्थ का सेवन, दोनों की हालत गंभीर



**मुलताई**। थाना क्षेत्र के ग्राम दुनावा में एक दंपति ने अज्ञात कारणों से जहरीले पदार्थ का सेवन कर लिया है। परिजनों ने पति पत्नी को गंभीर हालत में मुलताई के सरकारी अस्पताल लेकर आए, जहां दोनों का प्राथमिक उपचार के बाद दोनों की हालत बहुत ज्यादा गंभीर होने से उन्हें बैतूल रेफर कर दिया गया है लेकिन परिजन उन्हें नागपुर ले गए हैं। बताया जा रहा है कि दोनों ने जहरीले पदार्थ का सेवन क्यों किया इसकी जानकारी किसी को नहीं है। पड़ोसियों को आवाज आने पर जब पड़ोसी घर पहुंचे तो उन्होंने देखा कि पति-पत्नी ने जहर का सेवन कर लिया था जिनके बाद उन्हें मुलताई की सरकारी अस्पताल लाया गया है। बताया जा रहा है कि दुनावा निवासी मिथुन और उनकी पत्नी ने जहरीले पदार्थ का सेवन किया है, जिन्हें मुलताई के सरकारी अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

### कॉलेज चलो अभियान...


## कॉलेज में प्रवेश के लिए किया प्रेरित



**बैतूल**। जेएच कॉलेज के प्राध्यापको द्वारा उच्च शिक्षा विभाग मप्र शासन के दिशा निर्देश अनुसार प्राचार्य डॉ.विजेता चौबे के मार्गदर्शन में बैतूल मुख्यालय पर स्थित विभिन्न शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों की कक्षा 12वीं के विद्यार्थियों को महाविद्यालय में प्रवेश करने की ऑनलाइन आवेदन की प्रक्रिया से अवगत कराया गया। छात्र छात्राओं को डॉ.मनोज कुमार घोरसे द्वारा महाविद्यालय में संचालित विभिन्न प्रकार के कोर्स और शासन द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रो.कृष्णा गौसर द्वारा सीयूईटी एवं प्रतियोगी परीक्षाओं व प्रो.सुनीता गड़ेकर और डॉ.युगल किशोर सरले द्वारा महाविद्यालय में संचालित विज्ञान विषय एवं एनसीसी व एनएसएस पाठ्यक्रम की जानकारी दी गई। डॉ.दीपक मानकर द्वारा कला संकाय की एवं प्रो.ललित धांधोले और प्रो.राजेंद्र वाघमारे द्वारा राष्ट्रीय शिक्षा नीति तथा स्ववित्तीय पाठ्यक्रमों से अवगत कराया। विद्यार्थियों को महाविद्यालय में संचालित विभिन्न पाठ्यक्रम और योजनाओं की जानकारी से संबंधित पंपलेट का वितरण भी किया गया। विद्यार्थियों में कॉलेज में एडमिशन लेने के लिए बहुत उत्साह देखने को मिला। विद्यार्थियों द्वारा महाविद्यालय में ऑनलाइन प्रवेश से संबंधित प्रश्न भी किए जिनका उत्तर और प्रवेश प्रक्रिया को उपस्थित प्राध्यापको द्वारा दिया गया। कॉलेज चलो अभियान को सफल बनाने में शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गंज बैतूल, न्यू बैतूल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के प्राचार्य एवं समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं सहित स्टॉफ का सरहानीय योगदान रहा।

## जनपद सदस्य ने लगाए सीईओ पर आरोप शिकायत के बाद भी नहीं की जा रही कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैंसदेही


जय श्री दादाजी रेस्टोरेन्ट एण्ड केटर्स
भैंसदेही, जिला बैतूल (म.प्र.)
INVOICE

| S.N. | Particular | Qty | Rate | Amount |
|---|---|---|---|---|
| | | | 45 | 2,43000 |

Sanctioned Pass for payment Rs. 180000/-
Total 2,43000

जनपद में किस तरह से भ्रष्टाचार को बढ़ावा दिया जा रहा उसका सीधा उदाहरण जनपद सदस्य वागद्रे की शिकायत पर दो माह बाद भी कार्रवाई का न होना साबित करता है।

दरअसल जनपद सदस्य श्री वागद्रे ने मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद भैंसदेही को पत्र लिखकर शिकायत करते हुए जानकारी मांगी थी, जिसमें पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के बैतूल आगमन पर कार्यक्रम में पहुंचने वालों के लिए भोजन व्यवस्था को लेकर गंभीर आरोप जनपद सीईओ जितेंद्र सिंह ठाकुर पर लगाए थे। पत्र के माध्यम से आरोप लगाया कि जनपद कोष से जय दादाजी एंड रेस्टोरेंट केटर्स भैंसदेही का 2,43,000 का बिल बना कर 1,80,000 के भुगतान की स्वीकृति प्रदान की गयी हैं। जबकि पूर्व मुख्यमंत्री के बैतूल आगमन रैली में जाने वाले लोगों की भोजन व्यवस्था करने वाले समूह की महिलाओं को वर्तमान समय तक भी भुगतान नहीं किया गया है। जबकि शासन के स्पष्ट निर्देश थे कि स्कूली स्व. सहायता समूह को भोजन पैकेट की व्यवस्था करनी थी। जनपद सदस्य वागद्रे ने आरोप लगाया कि स्वविवेक से नियमों को अनदेखा कर सम्पूर्ण कार्य समूह की महिलाओं को न देकर अपना हित देखते हुए व्यवस्था बनवाई। जिसकी जानकारी जनपद सदस्यों की बैठक में न रखकर साथ ही रेस्टोरेंट के नाम पर फर्जी बिल लगाकर राशि का भुगतान किया गया। प्रशांत वागद्रे ने चर्चा के दौरान उक्त बिल पूर्णत भ्रष्टाचार की श्रेणी में बताया। साथ ही जिला पंचायत सीईओ से इसकी जांच कर दोषियों पर नियमानुसार कार्रवाई करने की मांग की।

#### एल 3 पर जंग खा रही सीएम हेल्पलाइन शिकायत

जानकारी में यह भी सामने आया की उक्त मामले को लेकर शिकायती आवेदन देने के बाद जांच नही होने पर सीएम हेल्पलाइन पर भी शिकायत दर्ज है। जिसका निराकरण समय अवधि में नहीं होने के चलते शिकायत एल 3 पर जंग खा रही है। परंतु जिम्मेदार अधिकारी शिकायत का निराकरण करने के बजाय योजना को पलीता लगाने में लगे हुए हैं।

**जांच करवाता हूं**

आप मुझे सारी जानकारी व्हाटसअप कर दीजिए। मैं इस मामले में जांच करवाता हूं।

**अक्षत जैन,** सीईओ, जिला पंचायत बैतूल

**जांच चल रही है**

अभी इस प्रकरण में जांच चल रही है।

**जितेंद्र सिंह ठाकुरस,** जनपद पंचायत सीईओ

### टीटीसी टीम शाहपुर ने जीता न्यू ईगल क्रिकेट फाइनल मुकाबला

**शाहपुर**। नगर के सीएम राइस स्कूल मैदान पर चल रही न्यू ईगल क्रिकेट प्रतियोगिता का फाइनल मुकाबला सीसीसी क्लब शाहपुर ने जीत कर विजेता हासिल की। शुक्रवार दिनांक 29 दिसंबर 2023 को फाइनल मुकाबला टीटी सी टीम शाहपुर एवं मेजबान न्यू ईगल क्लब शाहपुर के बीच हुआ। जिस में टी टी सी टीम शाहपुर ने पहले बैटिंग करते हुए 146 रन बनाएं। इसके बाद न्यू ईगल क्लब शाहपुर में 121 रन बना पाए। सीसीसी को प्रथम पुरस्कार के रूप में 26000 रुपए नगद प्राप्त हुए। एवं सुन्दर ट्रॉफी मिली। उप विजेता टीम ईगल क्लब शाहपुर को 11000 एवं ट्रॉफी मिली। क्रिकेट प्रतियोगिता में कुल 64 टीमों ने भाग लिया था ' विजेता टीम सीसीसी के कप्तान तन्मय सिंह ठाकुर ने बताया,कि हमारी टीम का मुकाबला ईगल क्लब शाहपुर से हुआ। एवं उनके द्वारा बताया उनकी टीम के लकी गुलबाके ने 80रन बनाकर मेन ऑफ द मैच का खिताब हासिल किया ।उन्होंने जीत का श्रेय टीम की खेल भावना से खेल एवं खिलाड़ियों की एकजुटता को दिया।


### विकसित भारत संकल्प यात्रा के तहत दी जानकारी

## सोनेगांव व सिपावा में पहुंची यात्रा का ग्रामवासियों ने किया स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैतूल

विकसित भारत संकल्प यात्रा शनिवार को मुलताई जनपद पंचायत के ग्राम सोनगांव तथा सिपावा पहुंची। जहां उपस्थित जनसमुदाय ने हर्षोल्लास के साथ यात्रा की अगुवाई की। इस अवसर पर सरपंच एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। इसके अलावा यात्रा आमला, बैतूल, घोड़ाडोंगरी, भैंसदेही के ग्रामों में पहुंची। आयोजित कार्यक्रम में कृषि विभाग द्वारा प्राकृतिक खेती, उन्नत बीज, कृषि यंत्र मृदा स्वास्थ्य कार्ड, नैनो यूरिया के फायदे किसानों को बताएं।

मोबाईल वैन पर लगे एलईडी पर शासन की जनहितकारी योजनाओं से हितग्राही को कौन कौन से लाभ हुए और वे योजना का लाभ कैसे ले सकेंगे, बिन्दूवार समझाया जा रहा था। स्थानीय लोगों को घर बैठे रोजगार के कौन-कौन से माध्यम हो सकेंगे अवगत कराया गया। व्हीडियो स्पॉट के माध्यम से



लाभान्वित हितग्राहियों के मुख से स्वयं उनकी तरक्की के सफर की कहानी सुनाई गई। हितग्राहियों द्वारा स्थानीय स्तर पर किए अनुकरणीय कार्यों के लिए प्रशंसा प्रमाण पत्र वितरित किए गए।

#### डाकघर चौपाल में हितग्राहियों को मिला योजना का लाभ

***बैतूल**। विकसित भारत संकल्प यात्रा अपनी यात्रा के 13वें दिन शुक्रवार को मुलताई के ग्राम बारंगवा (बोरदेही) पहुंची। यात्रा के दौरान डाक समुदाय विकास कार्यक्रम के अंतर्गत डाकघर चौपाल में डाक सेवा के अंतर्गत हितग्राहियों को लाभांश वितरित किए गए। धरती कहे पुकार कार्यक्रम अंतर्गत हितग्राहियों द्वारा शासन की योजनाओं का लाभ लेकर उनके द्वारा अपनी दशा और दिशा में हुए परिवर्तन के बारे में अन्य हितग्राहियों के साथ अपने अनुभव साझा किए। संकल्प यात्रा में विगत दिनों घोड़ाडोंगरी विकासखंड के हितग्राही नाथू राकसे को कृषि यंत्र क्रय करने पर एक लाख की अनुदान राशि, ग्राम कोयलारी के कृषक मूलाजी को स्वचालित रीवर पर 74 हजार की अनुदान राशि, ग्राम पाढरा के रामदास यादव एवं सुनील यादव को गेटखोर क्रय करने पर 44 हजार का अनुदान, कृषक कन्हैया अमरुते को थ्रेसर के लिए 92 हजार 500 का अनुदान पत्र वितरित किया गया।*

### परिजनों को दी आर्थिक सहायता

## शोक संवेदना व्यक्त करने परिजनों के बीच पहुंचे विधायक



**बैतूल**। आठनेर विकासखण्ड अंतर्गत जावरा ग्राम निवासी महादेव दाबड़े का 80 वर्ष की आयु में गत दिनों निधन हो गया है। जिसकी जानकारी मिलने पर बैतूल विधायक हेमंत खण्डेलवाल 29 दिसम्बर को शोक संवेदना व्यक्त करने स्व.महादेव दाबड़े के परिजनों के बीच पहुंचे। बैतूल विधायक श्री खण्डेलवाल ने स्व. दाबड़े के निधन पर शोक व्यक्त कर श्रद्धांजली अर्पित की। बैतूल विधायक ने स्व. दाबड़े की पत्नी, पुत्रो सहित अन्य परिजनों के साथ बैठकर उनसे चर्चा की एवं हर संभव मदद का भरोसा दिया। बैतूल विधायक खण्डेलवाल ने दिवंगत परिजनो को आर्थिक सहायता भी प्रदान की।

#### चुनाव प्रचार के दौरान महादेव के साथ किया था भोजन

उल्लेखनीय है कि विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए 4 नवम्बर को बैतूल विधायक हेमंत खंडेलवाल जावरा ग्राम में जनसंपर्क करते हुए जब महोदव दाबड़े के घर पहुंचे तो महादेव दाबडे ने बडी आत्मीयता से श्री खंडेलवाल से भोजन करने का आग्रह किया। बुजुर्ग श्री दाबड़े की आत्मीयता से अभीभूत श्री खण्डेलवाल ने चूल्हे के पास बैठकर महोदव दाबड़े के साथ भोजन ग्रहण किया। भोजन करने के पश्चात बुजुर्ग श्री दाबडे ने हेमंत खण्डेलवाल को चुनाव जीतने का आशीर्वाद भी दिया था।

### ताप्ती की मिट्टी से बना था सूर्य नारायण सरोवर

# सूर्य नारायण सरोवर में कब रुकेगा पानी...?

### फिर बनी 77 लाख रुपए की सुधार योजना

हरिभूमि न्यूज ⏭ मुलताई

अमरावती रोड पर चील घर के पास ताप्ती सरोवर की मिट्टी से सूर्यनारायण सरोवर बने लगभग 21 वर्ष बीत चुके है इन 21 वर्षों में नगर पालिका इस सूर्यनारायण सरोवर के सुधार पर अलग-अलग बार में करोड़ों रुपए खर्च कर चुकी है किंतु निर्माण काल से अब तक सूर्य नारायण सरोवर में पानी का भराव कभी नहीं हुआ और 21 साल पहले जो प्रश्न था आज भी वही है कि सूर्य नारायण सरोवर में पानी कब रुकेगा...?

15 जनवरी को खुलेंगे अमृत 2.0 योजना के टेंडर

एक बार फिर नगर पालिका ने अमृत 2.0 योजना के तहत 77 लाख रुपए लागत की सूर्य नारायण सरोवर विकास की योजना बनाई है। डीपीआर बनने के बाद टेंडर जारी हो गए हैं कार्य की निविदा 15 जनवरी को खुलेगी। ठेकेदार को एक वर्ष में कार्य पूर्ण करना होगा किंतु बड़ा प्रश्न अब भी वही है की 77 लाख रुपए खर्च होने के बाद भी क्या सूर्यनारायण सरोवर में जल रुक पाएगा..? क्योंकि चाहे जीए बारस्कर के अध्यक्ष कार्यकाल की बात हो या हेमंत शर्मा के कार्यकाल की जब भी सूर्य नारायण सरोवर सुधार की योजना बनी और सुधार कार्य किए गए हर बार यह कहा गया कि अब सूर्य नारायण सरोवर में 12 माह पानी होगा किंतु ऐसा हो ना सका वर्षा काल समाप्त होने के दो-तीन माह में ही सूर्य नारायण सरोवर सूख जाता है।



**टेंडर खुलेंगे**

अमृत 2.0 योजना के बाद सूर्य नारायण सरोवर में पानी रोका जा सकेगा। 15 जनवरी को टेंडर खुलेंगे और एक वर्ष में सरोवर सुधार कार्य पूर्ण हो जाएगा।

**योगेश अनेराव,** उपयंत्री नगर पालिका मुलताई

#### कंसल्टेंसी के जाल में उलझा नगर का विकास

*मुलताई नगर पालिका बीते एक दशक में विभिन्न योजनाओं के माध्यम से करोड़ों रुपए का भुगतान निर्माण कंसल्टेंसी कंपनियों को कर चुकी है जानकार बताते हैं कि इन कंसल्टेंसी द्वारा बनाए गए डीपीआर (डीटेल्स प्रोजेक्ट रिपोर्ट) कंसल्टेंसी कंपनियां पूर्व निर्धारित फॉर्मेट में थोड़े बहुत बदलाव के दे देती है। जो की जमीनी हकीकत से बहुत अलग होती है इसका उदाहरण है हरदोली जल आवर्धन योजना जो 15 वर्षों से अब भी हवा में हिचकोले खा रही है नगर की सिविल लाइन प्रोजेक्ट जो धरातल पर उतरने की बाटजोह रहा है इसी प्रकार इस बार फिर कंसलटेंसी को नगर पालिका द्वारा हायर किया गया है जिसने सूर्यनारायण सरोवर की डीपीआर बनाई है जिसके तहत सूर्य नारायण सरोवर के उत्तर दक्षिण में 6 मीटर ऊंचाई में पत्थरों की पीचिंग की जाना है। वेस्टवेयर निर्माण कर केनाल बनाया जाना है। टोह वाल, फिल्टर निर्माण के साथ समतलीकरण किया जाना है। किंतु इस योजना में अभी भी इस प्रश्न का ठोस उत्तर दिखाई नहीं देता की क्या 77 लाख रुपए खर्च के बाद भी सूर्य नारायण सरोवर में जल भराव हो सकेगा और वर्ष भर इस सरोवर में पानी रोका जा सकेगा। जानकार बताते हैं कि सूर्य नारायण सरोवर का निर्माण के समय सरोवर में पटल का निर्माण नहीं किया गया था इस मे पानी रुक सके इसके लिए आवश्यक है कि ठोस स्टेटे हार्ड रॉक तक पटल खुदाई एवं भराई हो साथ ही यह नगर का सबसे बड़ा सिपेज जोन भी.है जिसकी मिट्टी की जांच के बाद सीपेज जोन ट्रीटमेंट किया जाना चाहिए ताकि सूर्यनारायण सरोवर में 12 माह पानी लबालब भरा रह सके।*

देश और प्रदेश की नामी टीमें खेलने आ रही हैं, डीएचए ने मीडिया को दी समस्त जानकारी

# 4 जनवरी से गांधी मैदान पर देखने को मिलेगा हॉकी का मुकाबला

**अखिल भारतीय महात्मा गांधी कप हॉकी प्रतियोगिता और अंतरजिला हॉकी प्रतियोगिता 4 जनवरी से गांधी मैदान पर प्रारंभ होगी। इन प्रतियोगिताओं में करीब 42 टीमें शामिल होंगी। इनमें 25 इंटरडिस्ट्रिक्ट और 17 टीमें नेशनल प्रतियोगिता की रहेंगी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



राज्य स्तर की प्रतियोगिता का फाइनल 9 जनवरी को और नेशनल का फाइनल 14 जनवरी को होगा। राज्य स्तर के प्रतिदिन चार मैच खेले जाएंगे। इन प्रतियोगिता की तैयारी जोरों पर है और सीनियर खिलाड़ियों के मार्गदर्शन में हमारी युवा टीम मैदान तैयार कर रही है। हम 3 जनवरी तक इन प्रतियोगिताओं के लिए मैदान तैयार कर लेंगे। अखिल भारतीय महात्मा गांधी स्मृति हॉकी प्रतियोगिता में विजेता टीम को प्रथम पुरस्कार एलकेजी ग्रुप की ओर से 71 हजार और ट्रॉफी तथा द्वितीय पुरस्कार 51 हजार रुपए एवं ट्रॉफी शुभालय ग्रीन सिटी की ओर से दिये जाएंगे। यह जानकारी शनिवार को वर्धमान स्कूल के सभागार में जिला हॉकी संघ ने एक पत्रकार वार्ता में दी। इस अवसर पर डीएचए अध्यक्ष प्रशांत जैन, कार्यकारी अध्यक्ष शिरीष कोठारी, जयराज सिंह भानू, रविन्द्र जोशी, कोषाध्यक्ष सर्वजीत सिंघ सैनी, सचिव कन्हैया गुरयानी, आयोजन समिति के अध्यक्ष राहुल चौरे, दीप सिंह ठाकुर, हिमांशु बाबू अग्रवाल, हरप्रीत सिंघ छाबड़ा, गिडियन अल्फ्रेड, अमनकीत सिंघ भाटिया, मयंक जेम्स, नंदकिशोर, रमाकांत कौल, अजय अल्बर्ट, निशांत अगस्टीन, राजेश पंडित, सौरभ दास सहित अनेक युवा खिलाड़ी मौजूद रहे।

### इंटर डिस्ट्रिक्ट की टीमें

जबलपुर, ग्वालियर, हरदा, बालाघाट, रायसेन, शिवपुरी, खरगोन, बड़वानी, टीकमगढ़, रतलाम, उमरिया, सिवनी, अनूपपुर, शाजापुर, बैतूल, सागर, इंदौर, दमोह, नरसिंहपुर, देवास, गुना, मंदसौर, नीमच, भोपाल और होशंगाबाद।

### ऑल इंडिया की टीमें

करनाल हरियाणा, एफजीआई पूना, केनरा बैंक बैंगलोर, सैफई, सीआर मुंबई, सुंदरगढ़, राउरकेला, बनारस, उत्तरप्रदेश पुलिस और एफसीआई गोरखपुर।

### इनका कहना है

इस वर्ष स्टेट और ऑल इंडिया एक साथ है। यह बड़ा इवेंट है। राज्य स्तर की टीमों को नेशनल टीमों के साथ खेलने का अवसर मिलेगा, इससे हमारे युवाओं को फायदा होगा। इस बार दो फाइनल मैच होंगे।

**प्रशांत जैन,** अध्यक्ष हॉकी होशंगाबाद

हम डीएचए के साथ समन्वय बनाकर काम कर रहे हैं और शहर के हॉकी प्रेमियों को एक अच्छी प्रतियोगिता देखने को मिलेगी। नये चेहरों को काम की जिम्मेदारी से काम आसान होगा, यह शहर का टूर्नामेंट है, मीडिया सहित खेलप्रेमियों का सहयोग भी अपेक्षित है।

**राहुल चौरे,** अध्यक्ष आयोजन समिति

हम लगातार मैदान पर एस्ट्रोटर्फ के प्रयास करते रहे हैं, समस्त औचारिकताएं पूर्ण कर ली गई हैं, टेंडर होना है, इसके बाद उम्मीद करते हैं कि जल्द ही गांधी मैदान पर इसके लिए काम प्रारंभ होगा।

**शिरीष कोठारी,** कार्यकारी अध्यक्ष डीएचए

इस वर्ष हमने एकेडमी की टीमों का आमंत्रित करने को प्राथमिकता दी है, युवा खिलाड़ियों का खेल देखने को मिलेगा, हमारे नगर के खिलाड़ियों को भी इससे फायदा होगा।

**कन्हैया गुरयानी,** सचिव डीएचए

# शिविर के माध्यम से आरएसएस के शिक्षार्थी सीख रहे अनुशासन

**योग एवं व्यायाम के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रहने की शिक्षा दी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



नगर में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ द्वारा शीत शिविर का आयोजन किया गया है। जिसके माध्यम से शिक्षार्थी योग अनुशासन एवं खेलों के माध्यम से हिंदू समाज के संगठन का कार्य सीख रहे हैं। जहां एक कबड्डी जैसे खेलों के माध्यम से शिक्षार्थियों में ऊर्जा का संचार होता है।

वहीं समता दंड संचालन से अनुशासन एवं समाज के सभी वर्गों के शिक्षार्थियों को एक साथ बैठकर भारत के प्राचीन इतिहास एवं वीरों की शौर्य गाथाएं सुन कर राष्ट्रभक्ति की भावना से परिचय कराया जाता है। योग एवं व्यायाम के माध्यम से शरीर को स्वस्थ रहने की शिक्षा दी जाती है। सेमरी हरचंद में 29 से 31 दिसंबर तक तीन दिवसीय प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया जा रहा है विकासखंड सोहागपुर के लगभग 130 शिक्षार्थी प्रशिक्षण ले रहे है।

# संयोजक मंडल सम्मेलन का आयोजन होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद

नव ग्राम भारती जिला समिति द्वारा संयोजक मंडल सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। भारतवर्ष में विद्या भारती के माध्यम से देश के प्रत्येक कोने में सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय का संचालन होता है। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालय देश के लिए ऐसे छात्रों का निर्माण करता है जो देशभक्ति से उत्प्रोत एवं कर्तव्य निष्ठावान होते हैं। सरस्वती शिशु मंदिर विद्यालयों में 7 मंडलों का गठन होता है जो विद्यालय का संचालन करती है। इन्हीं साथ मंडलों का एक विशाल सम्मेलन सेमरी हरचंद वृंदावन गार्डन में संपन्न होने जा रहा है। जिसमें लगभग 500 सदस्य मौजूद होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अनिल अग्रवाल प्रांतीय सह संगठन मंत्री, सूचित शर्मा प्रांतीय अध्यक्ष, डा अतुल सेठा, रामदयाल लहरपुरे, भाग प्रमुख उपस्थित रहेंगे।

# वृद्ध आश्रम में लगाया गया विधिक सेवा शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया

नगर पालिका परिषद के द्वारा संचालित वृद्ध आश्रम में राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के द्वारा लगाए जा रहे विधिक साक्षरता शिविर की श्रेणी में तहसील वैदिक सेवा समिति के द्वारा वृद्ध आश्रम में विधिक सेवा समिति के शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी बिंदिया पाठक ने वृद्धो को उनके अधिकारों की जानकारी देते हुए उनकी समस्याओं के समाधान की दिशा में तत्काल प्रयास करने की निर्देश अधिकारियों को दिए हैं।

# अक्षत कलश की धूमधाम से शहर में निकाली शोभायात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



अयोध्या श्री राम जन्मभूमि से आए अक्षत कलश की शनिवार को ग्राम काजलखेड़ी में शोभायात्रा धूमधाम से निकाली गई। 22 जनवरी को होने जा रही राम लला की प्राण प्रतिष्ठा के निर्मित आये अक्षत कलश का गांव मे भव्य स्वागत हुआ। जिसमे विहिप के नगर अध्यक्ष दिनेश शर्मा, आशीष गुरू, रामराज जांगड़े , प्रकाश तिवारी, अशोक वर्मा, आरएसएस से असीम, प्रदीप सीठा, उदय पांडेय, पूर्व जनपद अध्यक्ष ब्रजमोहन मीणा, जनपद सदस्य राजेंद्र मीणा, मुन्ना मीणा, सरपंच सहित एवं माता बहने एवं ग्राम वासियों ने शोभायात्रा में शामिल होकर अक्षत कलश की अगवानी कर पूजन किया।

# ताम्रकार को सेवानिवृत्ति पर दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



शासकीय माध्यमिक शाला बज्जर वाड़ा में पदस्थ अरुण ताम्रकार उच्च श्रेणी शिक्षक के सेवानिवृत होने पर स्टाफ एवं ग्रामीणों ने समारोह आयोजित कर स्नेहिल विदाई दी। कार्यक्रम में उनके परिवार के सदस्यों के साथ-साथ शाला के राम गोविंद यादव, उमेश यादव, अजय सोनी, भगवान दास यादव, संजू शर्मा, अशोक मिश्रा, राजेश ताम्रकार, आरएस कुमरे, डीएल यादव, मनीष चतुर्वेदी, सज्जन दुबे, राजेंद्र दुबे, सरपंच शीला महेंद्र यादव सहित ग्रामीण जनों एवं शाला के छात्र छात्राओं ने विदाई दी कार्यक्रम का संचालक जनशिक्षक अशोक यादव एव आभार प्रधान पाठक राम गोविंद यादव ने किया।

# समेरिटन्स स्कूल में किया गया विज्ञान प्रदर्शनी का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर



शनिवार को समेरिटन्स स्कूल आंजनेय परिसर माखन नगर में विज्ञान एवं कला प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा 1- 12 वीं तक के विद्यार्थियों ने विज्ञान से संबंधित विभिन्न मॉडल प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में सीएम राइज माखन नगर के प्राचार्य केके दुबे, भौतिकी विभाग की वरिष्ठ शिक्षिका सपना गौर, शाला के डायरेक्टर डॉ आशुतोष कुमार शर्मा, आरके सिंह, शिखा खम्परिया, प्राचार्य जागृति सिंह उपस्थित रहें। विज्ञान प्रदर्शनी का अभिभावकों एवं बच्चों ने अवलोकन किया। इस कार्यक्रम में शाला समस्त सदस्यों में विशेष सहयोग प्रदान किया।

# प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक मिलने पर 13 हजार का जुर्माना

हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी



क्षेत्रीय प्रदूषण बोर्ड मंडीदीप और नगर पालिका परिषद इटारसी के संयुक्त अभियान में बाजार में चल रही सिंगल यूज प्लास्टिक की जब्ती और जुर्माने की कार्रवाई की जा रही है। ऐसी ही कार्रवाई में शनिवार को बड़ी मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर दुकानदारों से जुर्माना वसूला गया। मिली जानकारी के अनुसार बाजार क्षेत्र में सिंगल यूज प्लास्टिक की जब्ती की कार्रवाई एवं चालानी कार्रवाई क्षेत्रीय प्रदूषण बोर्ड मंडीदीप एवं नगर पालिका परिषद इटारसी की टीम ने संयुक्त रूप से की। इस दौरान बड़ी मात्रा में सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त कर व्यापारियों से जुर्माना वसूला और दुकानदारों को प्रतिबंधित सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग नहीं करने की समझाईश दी गई। इस दौरान विभिन्न दुकानदारों से 12,950 का जुर्माना वसूल किया है।

# लायंस क्लब ने ठंड के मौसम में ग्रामीण क्षेत्र में किया गर्म कपड़ों का वितरण

**बच्चों को टॉफी-बिस्किट आदि का भी वितरण किया गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया




लाइंस ऑफ पिपरिया के द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी आदिवासी अंचल के 4 ग्राम क्षेत्र में जाकर सर्दी के मौसम में कक्षा प्राइमरी से लेकर मिडिल क्लास के सरकारी स्कूल के बच्चों को गर्म कपड़ों का वितरण किया। मनीष शाह ने बताया कि लाइंस अंतरराष्ट्रीय से प्राप्त मानवीय सेवा के लिए कंबल वितरित किए गए तथा बच्चों को स्वेटर टॉप जूते मुझे आदि भी वितरित किए गए। सुबह पूर्व योजना के अनुसार लायंस क्लब ने अपने-अपने वाहनों से आदिवासी अंचल ग्राम बोरी माधोआमदे रायिटवाडी आदि गांव में कर प्रारंभ किया और बच्चों को तथा ग्राम वासियों को सामग्री वितरित की उसके बाद आम आदमी में आंगनवाड़ी के बच्चों को सामग्री वितरण की तथा बच्चों को टॉफी बिस्किट आदि का भी वितरण किया जिसमें सभी शिक्षक शिक्षिका आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सहाय का ग्रामीण जन उपस्थित रहे तथा जरूरतमंदों को कंबल वितरण किया। क्लब के अनुसार 200 बच्चों को सामग्री वितरण की जिसमें लाइंस क्लब के नगर ग्रामीण क्षेत्र के समस्त पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# ग्रामीण अंचल में भी हो रहा योग समितियों का गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सेमरीहरचंद



नगर एवं आसपास के ग्रामीण अंचलों में मध्य प्रदेश शासन योग आयोग द्वारा प्रत्येक ग्रामीण विद्यालय में योग समितियां का गठन कर विद्यार्थियों को योग प्रशिक्षण देने की तैयारी चल रही है जहां एक और सेमरी हरचंद में पूर्व शिक्षक अर्जुन लाल मीणा को शासकीय बालक उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में योग समिति का अध्यक्ष बनाया गया है वही समीपस्थ ग्राम खांड़ा देवरी के शासकीय हाई स्कुल मे योग प्रभारी रामनरेश सिंह एवं शाला प्राचार्य डॉ. अर्चना तिवारी एवं योग समिति के सचिव शिक्षक सोहन लाल अहिरवार द्वारा समिति सदस्यों को योग सम्बन्धी जानकारी दी गई। ग्राम से रमेश कुशवाहा अध्यक्ष व शालाक राम उपाध्याय बनाये गए। समिति सदस्य साहबजी पटेल, ऊदल पटेल, नरेश पटेल बनाये गए। इस अवसर पर शाला प्राचार्य डॉ. अर्चना तिवारी, शिक्षक पंकज कुमार दुबे, राजेश कुमार साहू,रामेश्वर प्रसाद मेहरा,सोहन लाल अहिरवार, दिनेश कुमार साहू, रितु साहू,नगीना खान एवं पालक गण उपस्थित थे।

# लोकसभा चुनाव में हर बूथ जीतने के लिए भाजपा की बैठक संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ पिपरिया



आने वाले वर्ष 2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा कार्यकर्ता एवं संगठन के पदाधिकारी तैयारी में जुड़ गए हैं। प्रशासन द्वारा चुनाव की तैयारी की जा रही है। वहीं भाजपा द्वारा लोकसभा चुनाव में हर बूथ जीतने और 50 प्रतिशत वोट शेयर को लेकर कार्य करने के लिए भाजपा कार्यालय में बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें नपा अध्यक्ष नीना नवनीत नागपाल, जनपद उपाध्यक्ष कुसुम लता पटेल, अध्यक्ष संध्या सिंघारे, जिला सतर्कता समिति सदस्य अरविंद राय, नगर मंडल अध्यक्ष बलराम ठाकुर, ग्रामीण मंडल अध्यक्ष प्रशांत रघुवंशी, राजा भैया पटेल, पूर्व मंडल अध्यक्ष कंछेदी लाल पटेल, दर्शन सिंह एवं महिला मोर्चा की पदाधिकारी व जिला महामंत्री ममता नागवंशी आदि कार्यकर्ता उपस्थित रहे। इस दौरान सभी ने अपने-अपने विचार रखें।

जिसमें उन्होंने कहा कि नमो ऐप से जुड़कर 100 चेलेंज में 10 लोगों को प्रतिदिन जोड़े मतदाता कार्य करता अभिनंदन मोदी का धन्यवाद करें पिपरिया विधानसभा के सभी मंडलों से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की गारंटी प्रदेश के अध्यक्ष की कौशल चुनाव रणनीति और संगठन शक्ति के साथ कार्य कर्ताओं की मेहनत से चुनाव जीतना है जिस तरह से विधानसभा चुनाव जीता है लोकसभा चुनाव में हर बूथ को जीतने का लक्ष्य लेकर पार्टी पदाधिकारी कार्यकर्ता कार्य करें।

**चौथे दिवस निःशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन भी किया गया**

# श्रीमद् स्कंद महापुराण कथा का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ⏭ माखननगर





श्रीमद् स्कंद महापुराण कथा के चतुर्थ दिवस की कथा का मंगलमय समापन पूजनीय गुरुदेव दीपक जी महाराज के मुखारविंद से हुआ। यशवंत सिंह जी राजपूत ने बताया कि शनिवार सुबह 9 बजे से 1 बजे तक निशुल्क नेत्र शिविर का कैंप लगाया गया।

जिसमें भोपाल के प्रसिद्ध डॉक्टर अजवानी हॉस्पिटल से विशेषज्ञ डॉक्टरों द्वारा निशुल्क आंखों की जांच कर उपचार किया गया। चतुर्थ दिवस की कथा में वीरेंद्र बेलवंशी विधायक प्रत्याशी पिपरिया,चंद्र गोपाल मलैया संजय कोठी , सुरेश पचौरी , महेश पालीवाल पूर्व जिला पंचायत उपाध्यक्ष, रमेश चौधरी ब्लॉक अध्यक्ष, होशियार सिंहजी लक्ष्मण डेडवाल, रामनिवास यादव, ब्रजकिशोर ठाकुर, संतोष मीणा उमेश ठाकुर करणपुर शिक्षक संघ अध्यक्ष, सुधीर ठाकुर , भटगांव मंजेश ठाकुर ढीकवाड़ा, सोमेश गुर्जर, राजू ठाकुर डांगीवाड़ा ,सीताराम जी धपाड़ा हेमराम जी,कुलदीप परसाई , डॉक्टर संजय मीणा, गोविंद पटेल, बलराम पटेल, राजू ठाकुर, सुमित्रा सोहागपुर, गेंदालाल जी अकोला ,बाबूलाल जी, रामकिशन यादव, अजय अहिरवार पूर्व जनपद सदस्य ,गणेश अहिरवार आदि हजारों की संख्या में धर्म प्रेमी बंधु उपस्थित रहे। श्रीमद् स्कंद महापुराण कथा के आयोजन यशवंत सिंह राजपूत एवं अजवानी हॉस्पिटल के तत्वाधान में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन हुआ जिसमें सैकड़ो लोगों ने इलाज प्राप्त किया।

# श्रीमद भागवत कथा के समापन पर हवन-पूजन



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

श्री सरस्वती सेवा समिति एवं गृह लक्ष्मी महिला समिति के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित श्रीमद्भागवत कथा सप्ताह के अंतिम एवं समापन दिवस पर प्रातः काल सर्वप्रथम हवन किया गया। जिसमें आहुतियां प्रदान की गई। सप्तम दिवस की कथा भगवान श्री कृष्ण के विवाह की कथा से प्रारंभ हुई। राजसूय यज्ञ की कथा के साथ साथ भगवान श्री कृष्ण के बाल सखा श्री सुदामा जी का कथा प्रसंग श्रवण कराया।

समिति द्वारा श्रीकृष्ण सुदामा की बहुत ही सुंदर झांकी सजाई गयी। भगवान श्री कृष्ण का स्वधाम गमन के साथ साथ परीक्षित मोक्ष की कथा के साथ समापन किया गया। कथा के समापन अवसर पर मध्यप्रदेश विधानसभा के पूर्व अध्यक्ष एवं छेत्र के विधायक डॉ सीतासरन शर्मा उपस्थित हुए अंत मे महाप्रसादी एवं भंडारे के साथ कथा का समापन हुआ।

# धान के भाव कम होने से आवक पर पड़ा असर



हरिभूमि न्यूज ⏭ इटारसी

शहर की कृषि उपज मंडी में धान की उपज के भाव कम हो जाने की वजह से आवक पर असर पड़ा है। अब क्षेत्र के किसानों द्वारा अपनी उपज कम मात्रा में लाई जा रही है। कृषि उपज मंडी में कुछ दिन पहले तक 5000 से 10000 ट्राली धान की उपज की खरीदी मंडी व्यापारियों के द्वारा की जा रही थी। लेकिन दिसंबर के आखिर सप्ताह में अचानक धान की उपज के भाव में कमी आ गई। जिसके चलते अब कृषि उपज मंडी में जरूरतमंद किसानों के द्वारा ही धान की उपज लेकर आई जा रही है और क्षेत्र के किसान अपनी उपज विक्रय के लिए लाने में रुचि नहीं दिखा रहे हैं। किसानों का मानना है कि आगामी समय में जब धान की उपज के भाव में बढ़ोतरी होगी तभी धान की उपज लेकर मंडी परिसर आएंगे। फिलहाल मंडी परिसर में धान की उपज पर्याप्त मात्रा में नहीं आने की वजह से मंडी परिसर में खुले में कुछ ही किसानों की उपज और ट्रैक्टर ट्रालियां दिखाई दे रही हैं।

## खबर संक्षेप

### सड़क हादसे में अधेड़ की मौत, मर्ग कायम

**हरदा।** खंडवा रोड पर ग्राम मांदला के पास शुक्रवार शाम करीब सात बजे हुए एक सड़क हादसे में एक अधेड़ की मौत हो गई है। जिला अस्पताल में शनिवार सुबह पीएम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर जांच शुरू की है। प्राप्त जानकारी के छीपाबड़ थाना क्षेत्र के ग्राम हिवाला निवासी जगदीश प्रसाद पिता राधेलाल बघेल उम्र करीब 55 साल जो कि कुछ दिनों पहले नर्मदा परिक्रमा करने गए थे। जिन्होंने शुक्रवार को अपने गांव पर भंडारा दिया था। उसके बाद शाम को अपनी स्कूटी से टेंटवाले का हिसाब चुकता करने मांदला गए थे। वहां से वापस लौटने के दौरान मांदला ओर भिरंगी फाटक के बीच किसी अज्ञात वाहन ने उनकी स्कूटी को टक्कर मार दी। जिससे उनके सिर में गम्भीर चोट आई थी। हादसे के बाद करीब दो घण्टे पड़े रहे। जिसके बाद राहगीरों ने उन्हें पहचान कर उनके परिजनों को सूचना दी गई। परिजन मौके पर पहुंचे तब तक उनकी मौत हो गई थी। परिजनों के मुताबिक मृतक अपने गांव में ही छोटी सी किराना दुकान संचालित करते थे। वहीं उनका एक बेटा ओर एक बेटी है।

### पत्र लेखक संघ समारोह 7 को

**हरदा।** मप्र लेख संघ जिला इकाई का आंचलिक साहित्यकार समागम समारोह 7 जनवरी को होटल बागवान पैलेस में 3 सत्रों में आयोजन होगा। संरक्षक डॉ. प्रभुशंकर शुक्ल ने बताया लेखक व समाज विषय पर डॉ. रामवल्लभ आचार्य अध्यक्ष मप्र लेखक संघ, साहित्यिक अभिरुचि का अभाव, कारण व निदान विषय पर पूर्व अपर मुख्य सचिव मनोज श्रीवास्तव, राष्ट्र भाषा हिंदी के विकास में हिंदी साहित्यकारों का योगदान विषय पर राजेंद्र गट्टानी सचिव मप्र लेखक संघ व हिंदी लेखन की विविध विधाओं की प्रासंगिता पर गोकुल सोनी विचार रखेंगे। वहीं दोपहर 2 से 4 के बीच काव्यपाठ होगा। जिलाध्यक्ष जीआर गौर ने बताया कि आयोजन की तैयारी पूर्ण हो चुकी है।

### सूदखोर से परेशान व्यापारी ने खाया जहर, मौत

**हरदा।** सूदखोर से परेशान होकर गुरुवार रात को चूहामार दवाई खाने वाले फल व्यवसायी का शुक्रवार रात उपचार के लिए इंदौर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। जानकारी के अनुसार सिविल लाइन थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले गणेश चौक के रहने वाले अशोक पिता जेठालाल पाहुजा उम्र 60 जो कि शहर की पुरानी सब्जी मंडी में फल बेचने का काम करते थे उन्होंने जहरीली दवाई का सेवन कर लिया था, जिससे उनकी मौत हो गई है। परिजनों के मुताबिक मृतक ने पुलिस को दिए अपने बयान में बताया कि उसने किसी साहूकार से ब्याज पर रुपए उधार लिए थे। जिसके ब्याज की राशि देने को लेकर उस पर दवाब बनाया जा रहा था। जिससे परेशान होकर उसने चूहामार दवाई का सेवन कर लिया था। जिसे उपचार के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। जहां बीती रात उसकी हालत बिगड़ने पर डॉक्टरों ने उसे इंदौर रेफर किया था। जहां ले जाने के दौरान चापड़ा और डबल चौकी के बीच उसकी मौत हो गई।

### कंपनी की शिकायत लेकर कलेक्टर व एसपी कार्यालय भी शिकायत कर चुके मजदूर

# कंपनी के 250 से ज्यादा मजदूरों की पगार से काटने के बाद जमा नहीं किया 5 वर्ष पीएफ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले की कसरावद तहसील के नेशनल हाईवे 347 पर भिलगांव स्थित वेरिट ग्लोबल कंपनी में काम कर रहे 250 से ज्यादा श्रमिकों का कंपनी द्वारा हर महीने मिलने वाली पगार से तो पीएफ (भविष्य निधि कटोत्रा) काटा जा रहा है। लेकिन वर्ष 2019 से कंपनी ने मजदूरों के खातों में इस राशि को आज दिन तक जमा नहीं कर करोड़ों रूपये की राशि हेराफेरी करने का मामला सामने आने के बाद मजदूरों ने एसडीएम कार्यालय पहुंचकर तहसीलदार को अपनी पीड़ा सुनाई।

लेकिन कुछ हल नहीं निकलने के बाद कारखाने के मजदूर पुलिस थाने पहुचे जहां से उन्हें बेरंग लौटना पड़ा है। हार थक कर उन्होंने कंपनी के मुख्य गेट पर ही धरना दिया। कुछ मजदूरों का कहना है कि हमारे द्वारा एक सप्ताह पहले जनसुनवाई में कलेक्टर और कलेक्टर और एसपी कार्यालय में भी शिकायत की थी। उसके बाद प्रबंधन ने समझौता किया था कि उनके खातों में पीएफ की राशि डाल दी जाएगी परंतु नही डाली गई। श्रमिकों ने कहा कि वेवरिट ग्लोबल लिमिटेड भीलगॉव (कसरावद) कंम्पनी में कार्यरत श्रमिक एवं सस्मत स्टाप का हर माह सैलरी पेमेंट से पीएफ का पेसा तो मैनेजमेंट काटता आया है। परंतु यह पेसा साल 2019 से करीब तीन करोड रूपये अभी तक जमा नहीं हुआ।



श्रमिकों का कहना है कि उनके फुल एंड फायनल के पैसे व ग्रेजुएटी के करीब करीब डेढ़ करोड कम्पनी पर बाकी है, जो की आज दिनांक तक किसी को दिया नहीं जा रहा है। इतने बड़े फर्जीवाड़े के बाद भी कम्पनी वर्तमान में सुचारू रूप से चालू है ।मजदूरों ने श्रम विभाग के अधिकारियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि अभी तक ना तो कंपनी में कोई लेबर अफीसर आया और ना ही पीएफ आफिस से आये हैं। इससे साफ है कि इन दोनों विभागों ने कंम्पनी मेनेजमेन्ट से रिश्वत ले रखी है। जबकि वेरिट ग्लोबल कंपनी को किसी झुन झुन वाले ग्रुप ने हैंडओवर कर लिया है। और मैनेजमेंट भागने की तैयारी कर रहा। मजदूरों के आक्रोश को देखते हुए कारखाने के यूनिट हेड शान्तनु डे भी थाने पहुंचे तो तहसील कार्यालय से सीधे श्रमिक भी वहां पहुंच गए। मजदूरों ने आरोप लगाया कि पुलिस ने थाने से यूनिट हेड को बैठाने के बजाय वहां से उल्टे भागने में मदद की मजदूरों ने बताया कि दिनांक 19 दिसंबर को शान्तनु डे और डायरेक्टर दीपक नागर ने श्रमिकों को सहमति पत्र लिखकर कहा था कि 5 साल के पीएफ में से आधी रकम 31 दिसंबर और नए साल की 20 जनवरी 2024 तक पीएफ जमा लेबर के खातों में डाल दी जाएगी। मगर 30 दिसंबर तक मात्र 13 श्रमिकों के खातों में डाली गई जबकि सैकड़ो श्रमिक यहां काम करते हैं।

**श्रमिकों को समझाइश दी**

कंपनी के हेड को न तो हम पकड़ कर लाए थे और न ही हमने भगाया है। सुरक्षा की दृष्टि से आए थे और स्वंय चले गए। मजदूरों के आरोप गलत हैं, कंपनी के श्रमिकों को समझाइश दी गई है कानून व्यवस्था बनाये रखें और कानूनी लड़ाई लड़ें।

**एमआर रोमड़े,** थाना प्रभारी कसरावद।

**जीएमडी से जांच होनी है**

पिछले दिनों मजदूरों ने कलेक्टर साहब से शिकायत की थी, वहां से जीएमडी को पत्र लिखा गया है। शनिवार को कंपनी के श्रमिक आए थे मौखिक रूप से उन्होंने चर्चा की उन्हें बता दिया जीएमडी साहब से मिले।

**मुन्ना अड़,** तहसीलदार कसरावद

**प्रोसेस में है...**

कंपनी के कुछ श्रमिकों के पीएफ की राशि जमा कर दी है, बाकी प्रोसेस में है।

**शान्तनु डे,** यूनिट हेड वेरिट ग्लोबल कंपनी

### घटना मथेला स्टेशन के पास की

# रेलवे ट्रैक पर मिला युवक का शव, किशोरी का पैर कटा





हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

खंडवा में शनिवार सुबह रेलवे ट्रैक पर एक युवक का शव मिला है। धड़ से सिर और हाथ-पैर अलग थे। घायल हालत में एक लड़की भी मिली। उसका दाहिना पैर कट गया है। उसे जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुरुआती जांच में पुलिस प्रेम प्रसंग की शंका जता रही या सुसाइड की कोशिश मान रही है।



युवक की पहचान कुणाल वर्मा निवासी गणेश तलाई के रूप में हुई है। वह दो बहनों के बीच इकलौता भाई था। घटना मथेला स्टेशन के पास सुबह 6 बजे की बताई जा रही है। लड़की नाबालिग है। घटना की जानकारी मिली तो सीधा जिला अस्पताल पहुंचे। युवक और लड़की दोनों घर से भागकर जा रहे थे। आशंका यह भी है कि चलती ट्रेन में चढ़ने के दौरान हादसा हो सकता है या फिर क्रॉसिंग के दौरान घने कोहरे के बीच उन्हें ट्रेन नहीं दिखी। जानकारी के मुताबिक 16 वर्षीय लड़की 11वीं की छात्र है वॉक पर जाती थी। एक घंटे बाद ही जीआरपी पुलिस से फोन आया कि रेलवे ट्रैक पर भतीजी घायल पड़ी मिली है। आप जिला अस्पताल पहुंचो, हम लड़की को लेकर जिला अस्पताल आ रहे हैं। हम लोग तत्काल जिला अस्पताल आए, यहां भतीजी का एक पैर धड़ से अलग देख हमारे होश उड़ गए। एक घंटे बाद भतीजी होश आया है। उसे हौसला देने की कोशिश कर रहे हैं। फ्लिपकार्ट कंपनी में नौकरी करता था युवक 24 साल का कुणाल वर्मा शहर के गणेश तलाई क्षेत्र का रहने वाला है। फ्लिपकार्ट कंपनी के खंडवा स्थित ऑफिस में नौकरी करता था। परिवार में पिता और दो बड़ी बहनें हैं। पिता नारायण वर्मा एक निजी स्कूल की बस में हेल्परी करते हैं।

# पुलिस पर लगाए पक्षपात के आरोप पुलिस बोली विधिसम्मत कार्रवाई कर रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ हरदा

शहर के दो परिवारों के बीच चल रहा विवाद खत्म होने का नाम नहीं ले रहा है। दोनों पक्षों की ओर से एक-दूसरे पक्ष के खिलाफ सिटी कोतवाली में एफआईआर दर्ज की गई। एक पक्ष ने पुलिस पर पक्षपात कर उचित कार्रवाई नहीं करने के आरोप लगाए हैं, जबकि पुलिस का कहना है कि विधिसम्मत कार्रवाई की जा रही है।

2 महीने पहले एक पक्ष की शिकायत पर पुलिस ने चार लोगों सहित तीन चार अन्य के खिलाफ मामला दर्ज किया था। वहीं एक आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था, जिसकी बाद में जमानत हो गई। शनिवार को शहर की एक निजी होटल में हरीश पेशवानी ने प्रेस कांन्फ्रेंस कर पुलिस पर गंभीर आरोप लगाए हैं। हरीश पेशवानी का कहना है कि उनके ओर सिंधी समाज के एक वाट्सएप ग्रुप पर परिवार विशेष से संबंधित पोस्ट डालने को लेकर कुछ लोगों को रिमूव कर दिया था। जिसके बाद अक्टूबर महीने में नेहरू पार्क के पास सिंधी समाज के ही कुछ लोगों ने उनके ऊपर डंडे,चाकू और लोहे की रॉड से प्राण घातक हमला सिर और हथेली पर चाकू से हमला किया था। जिससे उसके हाथ की एक उंगली कट गई थी।

**आरोपियों की तलाश में जुटी है पुलिस**

हरीश ने बताया आरोपियों की तरफ से उनके परिवार के लोगों के साथ गाली-गलौज कर जान से मारने की धमकी दी जा रही है। उनका आरोप है कि इस मामले की शिकायत एसपी से किए जाने के बाद भी अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो पाई है। उन्होंने कहा कि यदि उनके साथ या परिवार के अन्य सदस्यों के साथ कोई अनहोनी होती है। उसके जिम्मेदारी चारों आरोपियों, उनके परिजनों और पुलिस प्रशासन की होगी। उन्होंने प्रशासन से न्याय की गुहार लगाते हुए सभी आरोपियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की है। इस मामले को लेकर जांच अधिकारी एएसआई संजय ठाकुर का कहना है कि मामले में विधि सम्मत कार्रवाई की जा रही है। उन्होंने बताया कि फरियादी पक्ष की ओर से गवाहों की उपस्थिति में सहयोग नहीं किया जा रहा है। पुलिस साइबर सेल की मदद से आरोपियों की तलाश में जुटी हुई है। लोकेशन ट्रेस होते ही सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

# लायंस क्लब खंडवा अन्नदान व सेवा कार्य में अग्रणी : यादव

### सांसद प्रतिनिधि ने लायंस भोजन सेवा में मरीजों व परिजनों को परोसा भोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खंडवा

लायंस क्लब खंडवा अन्नदान सेवागति विधि के साथ ही स्वास्थ्य, नेत्रदान देहदान, मेडिकल उपकरण, स्वास्थ्य शिविरों व जागरूकता शिविरों व नगरपालिका के स्वच्छता व विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम कर जन मानस को लाभान्वित कर रहा है। लायंस क्लब खंडवा के सेवाकार्यों की जितनी सराहना की जाए वह कम है।

उपरोक्त उद्गार सांसद प्रतिनिधि अमर यादव ने लायंस क्लब खंडवा द्वारा जिला चिकित्सालय में मरीजों, परिजनों व जरूरतमन्दों के नियमित भोजन के लिए संचालित लायन्स भोजन सेवा केंद्र में व्यक्त करते हुए कहाकि यहां आकर सेवा करने में आत्म संतुष्टि प्राप्त होती है। समाजसेवी सुनील जैन व लायन्स भोजन सेवा के नारायण बाहेती ने बताया कि अमर यादव समय-समय पर भोजन सेवा केंद्र में आकर अपनी सेवाएं प्रदान करते है।शनिवार को भी अमर यादव अपने जन्मदिन के अवसर पर मित्र मंडली के साथ लायन्स भोजन सेवा केंद्र में आए भोजन सेवा केंद्र का अवलोकन किया व अपने हाथों मरीजो परिजनों व जरूरतमन्द लोगो को भोजन परोसा। लायंस भोजन सेवा केंद्र की और से गांधी प्रसाद गदले,नारायण बाहेती, राजीव शर्मा लायंस क्लब खंडवा के अध्यक्ष राजीव मालवीय, सचिव घनश्याम वाधवा,कोषाध्यक्ष मधुबाला शेलार ने स्वागत किया। इस अवसर पर नारायण बाहेती ने कहाकि अपने व्यस्त समय मे विशेष दिवस को मरीजो परिजनों की सेवा में बिताने का कार्य उनकी सेवा भावना को प्रदर्शित करता है।




सुनील जैन ने अमर यादव को मोती की माला पहनाकर बधाई देते हुए कहा कि अमर यादव व परिवारजन शहर विकास के कार्यो के साथ ही सेवा कार्यो में भी योगदान प्रदान करते हैं। लायंस के पूर्व अध्यक्ष दिलीप हिंदुजा ने अपने जन्मदिन पर सेवाएं प्रदान की। इस अवसर पर डॉ दिलीप हिंदुजा, बी आर तिरोले, सनत श्रीमाली, सुनील जैन, वीनाआठोत्रा, राजन बहेल, पवन लाड़, कमलेश बड़दे, कमल नागपाल, सुरेन्द्रसिंह सोलंकी, अनिल बाहेती, हरवन्तसिंघ कुकरेजा उपस्थित रहे।

# नगर पालिका ई-पोर्टल बंद होने से लाखों का राजस्व घाटा

### संपत्तिकर, जलकर नामांतरण, एनओसी के काम भी रुके

**सीहोर।** बीते एक सप्ताह से प्रदेश भर की नगर पालिका का ई-पोर्टल बंद हैं। इसका कारण पोर्टल का हैक होना बताया जा रहा है। इसका सीधा असर नगर पालिका के काम काज पर देखा जा रहा है। नपा का काम काज पूरी तरह से ठप पड़ा हुआ है। भुगतान संबंधी कार्य हो या फिर आमजन से जुड़ी योजनाओं का क्रियान्वयन हो। सबसे ज्यादा असर राजस्व आमदनी पर पड़ रहा है।

इसमें जलकर, संपत्तिकर, दुकानों का किराया, विविधकर, विकास कर, नामांतरण, एनओसी, भवन अनुज्ञा, भुगतान, सहित निर्माण शाखा में होने वाले काम काज पर ब्रेक लग गया है। जन्म और मृत्यु प्रमाण पत्र और प्रधान मंत्री आवास, समग्र पोर्टल के काम भी प्रभावित हो रहे हैं। इससे आमजनों को भी परेशान होना पड़ रहा है।



**पांच से सात लाख का राजस्व प्रभावित :** गौरतलब है कि नगर पालिका की आमदनी का जरिया तो संपत्ति कर, जलकर, दुकान किराया, वह अन्य विविधकर हैं। लेकिन ऑनलाइन व्यवस्था बंद होने के कारण से रसीद नहीं कट पा रही है। इसके चलते रोजाना पांच से सात लाख की आमदनी प्रभावित हो रही है। दूसरी ओर जिन लोगों ने भवन निर्माण संबंधी दस्तावेजों के लिए आवेदन कर रखे हैं, वे भी काफी परेशान हो रहे हैं। इस पर नगर पालिका सीएमओ भूपेंद्र दीक्षित का कहना है कि ई-पोर्टल बंद होने के कारण से कार्य काफी प्रभावित हो रहा है, रसीदें नहीं कट पा रही हैं, इसलिए कर वसूली प्रभावित हो रही है, जल्दी ही चालू होगा।

# चार साल पुराने दोहरे हत्याकांड में 6 आरोपियों को आजीवन कारावास

**हरदा।** विशेष न्यायाधीश एससी-एसटी एक्ट ने चार साल पुराने दोहरे हत्याकांड में साक्ष्य के आधार पर आरोप सिद्ध पाते हुए आरोपी पिता, उसके तीन बेटे सहित 6 आरोपियों को दोहरे आजीवन कारावास की सजा सुनाई। वहीं आरोपियों को 2-2 हजार के अर्थदंड से दंडित किया। साक्ष्य के अभाव में दो आरोपियों को दोषमुक्त कर दिया। जिला लोक अभियोजक एआर रोहित ने बताया कि शहर की दूध डेयरी क्षेत्र की गली नंबर 4 में 18 दिसंबर 2018 की शाम को पड़ोस में रहने वाला अजय बंजारा एवं विक्की बंजारा आपस में हंसी मजाक कर रहे थे। इसी दौरान दोनों में विवाद हो गया। इसमें अजय गाली-गलौज करते भाग गया। कुछ देर बाद अजय अपने साथ गंगू बंजारा, लच्छू बंजारा, कैलाश बंजारा एवं दीपक बंजारा को लेकर आया। उन्होंने डंडे, रॉड एवं तलवार से विक्की पर हमला कर दिया। बीच-बचाव करने महिलाओं से मारपीट व झूमाझटकी की। हमले में घायल विक्की नीचे गिर गया। बचाने आए कमल पर भी तलवार से मारपीट की। इसी दौरान कमल बंजारा एवं भूरू माली भी आ गए। भूरू ने विक्की के पेट में तलवार से हमला किया। इसमें उसकी मौके पर ही मौत हो गई। कमल को इलाज के लिए जिला अस्पताल में भर्ती कराया। जहां से उसे गंभीर हालत में रेफर कर दिया। इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई। मृतका की भाभी आरती की शिकायत पर आरोपियों के खिलाफ धारा 302 में केस दर्ज कर चालान कोर्ट में पेश किया। न्यायाधीश ने साक्ष्य के आधार पर दोषी पाते हुए दूध डेयरी निवासी आरोपी गंगू पिता गुलाब सिंह बंजारा 50, बेटे कमल 19, लक्ष्मण ऊर्फ लच्छू 26, कैलाश 20 साल, दीपक ऊर्फ दीपू पिता राजू चौहान 20 साल और दीपक पिता शिवकुमार 28 साल को आजीवन कारावास व अर्थदंड की सजा सुनाई है। साक्ष्यों के अभाव में सोनाबाई और सेवकराम को दोषमुक्त कर दिया है।

### अपराधों पर अंकुश लगाने के निर्देश दिए

# पुलिस अधीक्षक ने किया रहटगांव थाने का निरीक्षण



**रहटगांव।** गुरुवार को पुलिस अधीक्षक संजीव कुमार कंचन द्वारा रहटगांव थाने का निरीक्षण किया गया। जानकारी के मुताबिक यह है वार्षिक निरीक्षण था इस दौरान थाना क्षेत्र की जानकारी ली। वहीं थाना क्षेत्र में हो रहे अपराधों पर अंकुश लगाने के दिशा निर्देश दिए गए। वार्षिक निरीक्षण के दौरान अपराध, शिकायत, मर्ग से संबंधित सभी आवश्यक रजिस्टर चेक किया फरार आरोपी को गिरफ्तारी के लिए निर्देशित किया गया तथा पुलिस पर लोगों का विश्वास बढ़ाने के लिए आरोपियों के खिलाफ कार्रवाई तथा यातायात जागरूकता शिविर सीसीटीवी कैमरे लगाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित करने संबंधी निर्देश भी दिए गए तथा स्टाफ की समस्याओं का भी निराकरण किया गया।

### ग्राम पंचायत में तलाई निर्माण मामला : रोजगार सहायक व उपयंत्री पर लगे आरोप

# बारदेवला पंचायत में अधूरी तलाई निर्माण कर निकाल ली राशि, अब शुरू किया कार्य, शिकायतकर्ता ने कहा तकनीकी जांच करें अफसर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ खरगोन

जिले की कसरावद जनपद पंचायत अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत बारदेवला में रोजगार सहायक एवं उपयंत्री द्वारा मिलकर मनरेगा में तलाई निर्माण में शासकीय राशि निकाल कर काम अधूरा छोड़ने के आरोप लगे हैं। इस मामले का खुलासा 25 दिसंबर को हरिभूमि में खबर प्रकाशित होने के बाद उस वक्त मामला सामने आया। जब जिला पंचायत के मनरेगा प्रभारी ने समाचार को संज्ञान में लेकर तलाई निर्माण मामले की जांच शुरू की तो मंगलवार को रोजगार सहायक ने 4 लाख 90 हजार रुपये से अधिक की लागत से बनने वाली तलाई का काम शुरू कर दिया है।

जानकारी के अनुसार पंचायत में पदस्थ जीआरएस संजय बिल्लोरे ने ग्राम पंचायत महात्मा गांधी रोजगार गारंटी योजना में काम कर परिवार चलाने वाले जॉबकार्ड धारकों


मशीन से काम कर निकाल ली राशि, निर्माण अधूरा

बारदेवला पंचायत में मनरेगा योजना की अधूरी तलाई चढ़ी भ्रष्टाचार भेंट

से काम नहीं कराते हुए जेसीबी मशीन से निर्माण करवा कर गांव के ही सक्षम परिवार के कुछ लोगों के जॉबकार्ड इंट्री कर पैसा उनके खातों में डाला है। साथ साथ मशीनरी की राशि के आधे से ज्यादा बिल निकाल लिए। जिसकी ग्राम के ही मांगीलाल पटेल ने अधिकारियों के बजाय मामला संज्ञान में लाने के बाद सोमवार हरिभूमि द्वारा प्रमुखता से खबर

हरिभूमि इम्पेक्ट

प्रकाशित की गई थी। अब मामला प्रकाश में आने के बाद निर्माण कार्य पुनः प्रारंभ किया है। ज्ञात हो कि इस पंचायत में महिला सरपंच होने से रोजगार सहायक अपनी मन मर्जी से काम करते हैं।



**काम शुरू कर दिया है**

तलाई निर्माण का अधूरा काम शुरू कर दिया गया है, जल्द ही काम पूरा कर दिया जाएगा। मेरा मतलब मशीनरी से ट्रैक्टरों का था, जो भी ग्रामीण जेसीबी मशीन से काम का लगा रहे वह गलत हैं।

**राजेश राठौड़,** सब इंजीनियर जंप कसरावद।

***बगर पड़ल के खोदी है तलाई***

*शिकायत कर्ता मांगीलाल पटेल का कहना है कि निर्माण कार्य तो कराया जा रहा है लेकिन जो रोजगार सहायक ने फर्जी तरीके से जॉबकार्ड चलाये है। उसकी ओर तलाई की टेक्निकल जांच भी होनी चाहिए। पटेल ने कहा कि जनपद पंचायत में बैठे जिम्मेदार अधिकारियों से सांठगांठ के कारण उक्त तलाई निर्माण में मजदूरों का हक तो छीना ही गया साथ साथ तकनीकी प्राकलन के आधार पर निर्माण कार्य न करते हुए केवल तलाई निर्माण के नाम पर पाल बांधने का काम किया है, न तो उक्त निर्माण की पडल खोदी गई न काली मिट्टी डाली गई है।*